आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 03.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- देहरादून में 11वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का हुआ कर्टेन रेज़र। छह से नौ दिसंबर तक हरियाणा के पंचकूला में आयोजित होगा महोत्सव।
- पिथौरागढ़ जिला पंचायत की पहली सामान्य बोर्ड बैठक में जिले के विकास कार्यों और जनसमस्याओं की समीक्षा की गई।
- रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया।
- हरिद्वार में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, सात ट्रैक्टर ट्राली सीज़।

अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव

देहरादून के मौसम विभाग केंद्र में 11वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के लिए एक पूर्वालोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा के पंचकूला में आगामी 6 से 9 दिसंबर तक होने वाले महोत्सव का समन्वय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की ओर से विभिन्न राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। पूर्वालोकन कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देने, नवाचार–आधारित विकास को बढ़ावा देने और छात्रों और जनता को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करने के महोत्सव के उद्देश्य को उजागर करना है। मौसम विभाग के निदेशक सी.एस. तोमर ने बताया यह कार्यक्रम वर्ष 2015 में शुरू हुआ था और आज केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय इस कार्यक्रम को मना रहे हैं।
विज्ञान भारती के प्रदेश अध्यक्ष के.डी. पुरोहित ने कहा कि सभी हितधारकों, उद्योगपतियों और कॉलेज के छात्रों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि ए.आई. को विज्ञान के क्षेत्र में किस तरीके से आगे बढ़ाया जा सकता है, उसको भी इसमें शामिल किया जाएगा।

बोर्ड बैठक

पिथौरागढ़ के जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में पहली सामान्य बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विकास कार्यों और जनसमस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला पंचायत सदस्यों ने बिजली कटौती, पेयजल आपूर्ति में बाधा, लिफ्ट पेयजल योजनाओं में तकनीकी दिक्कतें, सड़क निर्माण में विलंब, चिकित्सा सेवाओं की कमी और विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता जैसे गंभीर मुद्दे उठाए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सभी विभागीय अधिकारियों को जिला पंचायत सदस्यों द्वारा उठाई गई विभिन्न समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शीतकालीन यात्रा

उत्तरकाशी जिले में शीतकालीन यात्रा के मद्देनजर यात्रा मार्गों को सुगम बनाने के लिए सड़कों के ब्लैक टॉप और मरम्मत कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने हर्षिल–मुखबा और यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कई सड़कों पर कार्य तेजी से चल रहा है।

जिलाधिकारी निरीक्षण

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने गिरसा ग्राम सभा का स्थलीय निरीक्षण कर ग्राम क्षेत्र में संचालित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने विकासखंड पोखरी के हणज में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में प्रकाश व्यवस्था उचित न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को शीघ्र आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिए बन रही नहर प्रणाली का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गति और गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिनके समाधान के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

जिला चिकित्सालय निरीक्षण

रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पेशेंट वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, अल्ट्रासाउंड रूम, ड्रेसिंग रूम और मुख्य औषधि भंडार का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों की सुविधा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अवैध खनन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राजस्व हानि रोकने के लिए प्रदेश में अवैध खनन पर कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में हरिद्वार में खनन विभाग ने अवैध खनन में संलिप्त सात ट्रैक्टर–ट्रॉली जब्त कीं। जिला खान अधिकारी मोहम्मद काजिम खान के नेतृत्व में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की टीम ने लक्सर तहसील के ग्राम रामपुर रायघटी क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। मौके पर टीम ने सात ट्रैक्टर–ट्रॉली को अवैध रूप से खनन सामग्री ले जाते हुए पकड़ा। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने स्पष्ट किया है कि राजस्व हानि पहुँचाने वालों और अवैध खनन में शामिल खनन माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी इस तरह के औचक निरीक्षण और कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

माघ मेला बैठक

उत्तरकाशी में मकर संक्रांति से शुरू होने जा रहे पौराणिक माघ मेला की तैयारियां जोरों पर है। इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान की अध्यक्षता में आगामी 14 जनवरी से शुरू होने जो रहे माघ मेले की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। श्री चौहान ने मेले से जुड़े अधिकारियों को स्टॉल लगवाने और सभी घाटों का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को सुधारीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में धार्मिक अनुष्ठान और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। माघ मेले में इस बार स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर मौका दिया जायेगा। माघ मेले के पौराणिक स्वरूप को बरकरार रखने के लिये विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया है।

चयन

सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, पिथौरागढ़ में क्रिकेट प्रशिक्षण ले रहे गौरव जोशी का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69वें नेशनल स्कूल गेम्स के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 5 से 9 दिसंबर तक हरियाणा के हिसार में होगी, जिसमें गौरव जिले और राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि गौरव वर्तमान में प्रशिक्षक प्रशांत सिंह भैसौड़ा से प्रशिक्षण ले रहे हैं। पिथौरागढ़ के खिलाड़ी के राष्ट्रीय स्तर पर चयन से खेल प्रेमियों में उत्साह है।